NCERT SOLUTIONS

CLASS - 9th

aglasem.com

Class : 9th
Subject : हिंदी
Chapter : 5
Chapter Name : हामिद खाँ

Q1 लेखक का परिचय हामिद खाँ से किन परिस्थितियों में हुआ ?
Answer.
जब लेखक तक्षशिला के पौराणिक खंडहर देखने गया था। तब लेखक का एक तरफ कड़कती धूप, दूसरी ओर भूख और प्यास के कारण बुरा हाल हो रहा था। तो लेखक एक गाँव की तरफ निकल गया जो रेलवे स्टेशन से पौने मील की दूरी पर था। लेखक को कोई होटल नजर नहीं आया। अचानक लेखक को एक दुकान नजर आई ।जहाँ से रोटियों की खुशबू आ रही थी। वह उस ओर बढ़ गया वहाँ एक आदमी रोटियाँ सेक रहा था। वही हामिद खाँ थे। यहीं लेखक का हामिद खाँ से परिचय हुआ ।

Page : 40 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q2 'काश मैं अपने मुल्क में आकर यह सब अपनी आँखों से देख सकता ।' हामिद खाँ ने ऐसा क्यों कहा ?
Answer.
जब लेखक ने हामिद को बताया कि वह एक हिदू हैं और उसके होटल मे खाना खाने आया है तो हामिद ने पुछा कि वह एक मुसलमान होटल में खाना खाएंगे, लेखक के हाँ करने पर हामिद खाँ चौंक गया। जब लेखक ने बताया कि हिंदूस्तान में हिदू- मुस्लिम झगड़े न के बराबर होते हैं, सब मिल-जुल कर रहते है। कभी किसी हिंदू को अच्छा पुलाव खाना हो तो वे किसी मुसलमान के होटल में जाकर खाते हैं। हामिद खाँ यह सुनकर चौंक गया और सहसा हामिद को इन बातों पर विश्वास नहीं हुआ। वो ये सब सुनकर बहुत खुश हुआ था इसलिए उसने लेखक से कहा कि वह यह सब अपनी आँखों से देखना चाहता है क्योंकि यहाँ पर ऐसा माहौल नहीं है।

aglasem.com

Page : 40 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q3 हामिद को लेखक की किन बातों पर विश्वास नहीं हो रहा था ?
Answer.
लेखक एक हिंदू होकर मुस्लमान होटल में खाना खा रहा था इसपर हामिद को विश्वास नहीं हो रहा था क्योंकि वहाँ ऐसा माहौल नहीं था। जब लेखक ने यह भी बताया कि हिन्दूस्तान में हिंदू और मुसलमान मिलकर रहते हैं, अतः हमारे यहाँ पर हिंदू और मुसलमानों में झगड़ें नहीं होते हैं और अगर किसी को बढ़िया चाय पीनी हो या बढ़िया पुलाव खाना हो तो मुसलमानी होटल में जाते हैं। इन सभी बातों पर हामिद खाँ को सहसा विश्वास नहीं हो रहा था ।

Page : 40 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q4 हामिद खाँ ने पैसा लेने से इंकार क्यों कर दिया ?
Answer.

हामिद खाँ लेखक की बातें कि हिंदुस्तान में कैसे हिंदू और मुसलमान मिल कर रहते है,और उनमें कोई झगड़ा नहीं होता सुनकर बहुत प्रभावित हुआ और लेखक को अपना मेहमान मानने लगा। इसलिए हामिद खाँ ने लेखक से पैसे लेने से इंकार कर दिया। साथ में यह भी कहा कि हिंदुस्तान में जब किसी मुसलमान होटल में खाएं तो हामिद खाँ को याद करें।

Page : 40 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q5 मालाबार में हिंदू- मुसलमानों के परस्पर संबंधों को अपने शब्दों में लिखिए।
Answer.
मालाबार भारत के दक्षिणी छोर मद्रास के आगे है।जब लेखक ने गर्व के साथ कहा हमारे यहाँ हिंदू - मुसलमान में कोई फ़र्क नहीं है। सब मिल - जुलकर रहते है। हमारे यहाँ हिंदू मुसमानों के बीच झगड़े नहीं के बराबर होते हैं। अगर किसी ने यहाँ बढ़िया चाय पीनी हो, या बढ़िया पुलाव खाना हो तो लोग वेखट मुसलमानी होटल में जाते हैं। भारत में मुसलमानों द्वारा बनाई पहली मस्जिद भी इसी राज्य के एक स्थान 'कोडुंगल्लूर' में है।

Page : 40 , Block Name : बोध-प्रश्न

Q6 तक्षशिला में आगजनी की खबर पढ़ कर लेखक के मन में कौन सा विचार कौंधा इससे लेखक के स्वभाव की किस विशेषता का पता चलता है ?
Answer.
तक्षशिला में आगजनी -समाचार पत्र की यह खबर पढ़ते ही लेखक को हामिद खाँ की याद आई, और लेखक ने भगवान से विनती की, कि हे भगवान मेरे हामिद की दुकान को कुछ न हुआ हो, हे भगवान हामिद की दुकान को आगजनी से बचा लेना। उपरोक्त व्यवहार से लेखक के धार्मिक, दयालुता और मानवता वादी विचारधारा का पता चलता है।

Page : 40 , Block Name : बोध-प्रश्न

aglasem.com